जप ले हरी का तू नाम भोले प्राणी

जप ले हरी का तू नाम, नाम भोले प्राणी
आएगा बस यही काम, काम भोले प्राणी

कौड़ी कौड़ी माया जोड़ी,
बन कर बैठा सेठ करोड़ी ।
संग चले ना आच्छा दाम, दाम भोले प्राणी
जप ले हरी का तू नाम...

हरी भजन से मन क्यूँ चुराए
काल बुलावा कब आ जाए ।
हो जाए जीवन की श्याम, श्याम भोले प्राणी ।
जप ले हरी का तू नाम...

गर्भ में तूने वादा किया था,
प्रभु चिंतन का इरादा किया था ।
अब तो ले भज सीता राम, राम भोले प्राणी ।
जप ले हरी का तू नाम...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1135/title/jap-le-hari-ka-tu-naam-bhole-prani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |